जागरण

# खाद्य सुरक्षा टीम ने पकड़ा नकली पेड़ा व पनीर

Publish Date:Wed, 04 Mar 2020 12:01 AM (IST)



10 क्विंटल मिलावटी पेड़ा बरामद किया।

बस्ती : खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मंगलवार को छापेमारी कर नकली खाद्य सामग्री की खेप पकड़ी है। पकड़ी गई खाद्य सामग्रियों का नमूना लेकर उसको नष्ट कराया गया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील कुमार मिश्र की अगुवाई में टीम ने पहले हथियागढ़ में कृष्णा फूड पर छापेमारी की। यहां से 10 क्विंटल मिलावटी पेड़ा बरामद किया। पेड़ा व बूंदी लड्डू का नमूना लिया और नष्ट कराया। खोवा मंडी रोडवेज में राजेश के यहां से 50 किलोग्राम पनीर व वीके गुप्ता के यहां से 50 किग्रा खोवा बरामद किया। सहायक आयुक्त खाद्य डा. शशि पांडेय ने रेलवे स्टेशन के बाहर से पांच से छह क्विंटल खोवा पकड़ा। खोवा ट्रेन के जरिये बहराइच से लाया जा रहा था। 50 किग्रा खोवा दूषित मिला, जिसका नमूना लेकर नष्ट कराया गया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बेसन, मोतीचूर का भी नमूना लिया गया। सभी नमूनों की जांच खाद्य प्रयोगशाला भेजकर कराया जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी। होली त्योहार के मद्देनजर टीम नियमित छापेमारी करेगी। गुणवत्ता विहीन खाद्य सामग्री मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/basti-food-security-team-caught-fake-peda-and-cheese-20083258.html